an>

Title. Need to update Below Poverty Line list.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस समय जिस बी.पी.एल. के द्वारा हमारे देश में निवास करने वाले गरीब परिवारों को सरकार द्वारा बहुत-सी सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, उस बी.पी.एल. सूची की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं। यह बी.पी.एल. सूची आज से लगभग 12-13 वर्ष पहले बनी थी। सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनायें, चाहे भारत सरकार की हों या राज्य सरकारों की हों, सभी की पात्रता का आधार बी.पी.एल. सूची है। बी.पी.एल. सूची को बने हुए अधिक समय हो जाने के कारण सूची में अंकित व्यक्तियों की संख्या जनकल्याणकारी योजनायें जैसे आवास, स्वास्थ्य, नल-कूप, फ्री-बोरिंग और अन्य योजनायें लगभग समाप्त हो चुकी हैं। परन्तु गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बहुत बड़ी संख्या अभी शेष है। जिनका बी.पी.एल. सूची में नाम नहीं होने के कारण उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि इस समय जो बी.पी.एल. सूची कार्य में है, उसे निरस्त कर नई बी.पी.एल. सूची अविलंब बनायी जाये, जिससे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का नाम बी.पी.एल. सूची में अंकित हो सके और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी परिवारों को मिल सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri Sharad Tripathi,

Shri Jagdambika Pal,

Shri Gajendra Singh Shekhawat and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anju Bala.